RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

12वीं इतिहास | ARJUN BATCH

विद्रोही और राज

1857 का आंदोलन

अध्याय 10 • भाग 06

04 सितंबर 2026 || 04:00 PM



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1801

Q1. सहायक संधि का जनक किस गवर्नर जनरल को माना जाता है—



1856

A लार्ड डलहौजी

B लार्ड कैनिंग → 1857 GG

C लार्ड वेलेजली

D लार्ड रिपन

✓ गोद निषेध

EIC

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q2. ..... को बंगाल आर्मी की पौधशाला कहा जाता था—

A लार्ड डलहौजी

B लार्ड कैनिंग

C लार्ड वेलेजली

D लार्ड रिपन

अवध =

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q3. 1857 की क्रांति के समय भारत के गवर्नर जनरल कौन थे—



A लार्ड डलहौजी

B लार्ड कैनिंग

C लार्ड वेलेजली

D लोर्ड रिपन

अवध =

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q4. 1857 की क्रांति के दौरान में अंग्रेजों के खिलाफ सबसे लंबा प्रतिरोध चला—



वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q5. 1856 में कुशासन के आरोप के आधार पर ..... रियासत को औपचारिक रूप से ब्रिटिश साम्राज्य का अंग घोषित किया गया —



(A) झांसी

(B) बंगाल

(C) पंजाब

(D) अवध

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q6. व्यपगत सिद्धान्त/हड़प नीति लागू की—

A लार्ड डलहौजी

B लार्ड कैनिंग

C लार्ड वेलेजली

D लार्ड रिपन

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q7. लखनऊ में ब्रिटिश राज के ढ़हने की खबर पर लोगों ने नवाब के युवा बेटे ..... को अपना नेता घोषित कर दिया

A वाजिद अली शाह → लखनऊ

B बहादुरशाह जफर → दिल्ली

C बिरजिस कद्र

D तांत्या टोपे



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q8. उत्तर प्रदेश के बड़ौत परगना में ग्रामीणों को संगठित कर विद्रोहियों को किसने नेतृत्व प्रदान किया—

(A) वाजिद अली शाह

(B) बहादुरशाह जफर

(C) बिरजिस कद्र

(D) शाहमल

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

mg missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q9. छोटा नागपुर स्थित सिंहभूम इलाके में ..... कोल आदिवासियों का नेतृत्व संभाला –



(A) अल्लारी सीताराम

(B) कुंवर सिंह

(C) बिरजिस कंद्र

(D) गोनू

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q10. रिलीफ ऑफ लखनऊ (लखनऊ की राहत) नामक चित्र किसने बनाया—



A टॉमस जोन्स बार्कर

B पंच

C मिस व्हीलर

D जोजेफ नोएल पेटन

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q1. कम्पनी सरकार को अवध के विलय में क्यों दिलचस्पी थी ?

मंडी ↑

① बाज़ार
② कपास + नील = अवध
③ सामरिक
④ नवाब ↓
⑤ भूमि राजस्व



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : अंग्रेजी कम्पनी सरकार उत्तर भारत के सबसे महत्वपूर्ण प्रान्त अवध को अंग्रेजी साम्राज्य में विलय को लेकर हमेशा आतुर थी क्योंकि यह क्षेत्र नील व कपास की खेती के लिए उपजाऊ था और इस क्षेत्र को एक बड़े बाजार में निकसित किया जा सकता था।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q2. "ये गिलास फल एक दिन हमारे ही मुँह में आकर गिरेगा" उक्त कथन कब, किसने और किसके बारे में कहा ?



1856 डलौजी अवध

वाजिद

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : 1851 में गवर्नर जनरल लार्ड डलहौजी ने अवध रियासत के बारे में कहा था कि ये गिलास फल एक दिन हमारे ही मुँह में आकर गिरेगा।



लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q3. अवध में 1857 की क्रान्ति के संघर्ष की व्यापकता पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।



लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : अवध 1857 की क्रान्ति का एक बड़ा केन्द्र था। अवध में अंग्रेजों के खिलाफ प्रतिरोध सबसे लम्बा चला। एक अनुमान के मुताबिक इस क्षेत्र के कम से कम तीन चौथाई वयस्क पुरुष आबादी विद्रोह में शामिल थी। अवध क्षेत्र में लड़ाई की बागडोर असल में ताल्लुकदारों और किसानों के हाथों में थी। अवध के अधिकांश ताल्लुकदार नवाब के प्रति अत्यधिक निष्ठावान थे इसलिए वे लखनऊ जाकर बेगम हजरत महल के खेमे में सम्मिलित हो गये। कुछ निष्ठावान ताल्लुकदारों ने बेगम की पराजय के बाद भी संघर्ष जारी रखा। कड़े संघर्ष के बाद ही अंग्रेज मार्च 1858 तक अवध क्षेत्र में पुनः नियन्त्रण स्थापित करने में कामयाब हुए।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

mg missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q4. अंग्रेजों ने विद्रोह को कुचलने के लिए क्या कदम उठाए ?



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : अंग्रेजों ने उपद्रव शांत करने के लिए कई कानून पारित किये -

(i) समूचे उत्तर भारत में मार्शल लॉ लागू किया गया और सैनिक अधिकारियों के साथ-साथ आम अंग्रेजों को भी ऐसे भारतीयों पर मुकदमा चलाने और सजा देने का अधिकार दे दिया गया जिन पर विद्रोह में शामिल हान का शक था।

(ii) कानून और मुकदमें की सामान्य प्रक्रिया रद्द कर दी गई और स्पष्ट कर दिया गया कि विद्रोह की केवल एक सजा हो सकती है सजा-ए-मौत।

(iii) अंग्रेजों ने सैनिक ताकत का भयानक पैमाने पर इस्तेमाल किया।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q5. 1857 की क्रांति को जनक्रांति की संज्ञा क्यों दी गई ?



→ सभी भारत के बड़े भाग

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : 1857 की क्रांति को देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के रूप में याद किया जाता है क्योंकि इस जन क्रांति में देश के प्रत्येक धर्म, जाति व समूह ने साम्राज्यवादी शासन के विरुद्ध मिलकर लड़ाई लड़ी और संयुक्त उद्देश्य बाबत संघर्ष में भाग लिया।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q6. लार्ड डलहौजी का व्यपगत सिद्धान्त / हड़प नीति क्या थी ?



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : लार्ड डलहौजी ने व्यपगत सिद्धान्त / हड़प नीति द्वारा कम्पनी के राज्य का विस्तार किया। इस नीति के तहत देशी राज्यों के शासकों पर दत्तक पुत्र गोद लेने की प्रथा पर पूर्णरुप से प्रतिबंध लगा दिया और उनकी मृत्यु के पश्चात उनके राज्य को कम्पनी राज्य में सम्मिलित कर लिया गया। इस नीति के तहत झांसी और सतारा का विलय कम्पनी राज्य में कर लिया गया। गोद निषेध प्रथा के अतिरिक्त अवध जैसे अंग्रेज समर्थक राज्य को भी 1856 में कुशासन के आरोप के आधार पर विलय किया गया।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q7. 1857 की क्रांति के लिए उत्तरदायी प्रमुख राजनैतिक कारण बताइए?



① सहायक संधि
② गोद निषेध संधि
③ पूर्व राजा ✓
④ भारतीय ✗

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : 1857 की क्रांति के लिए उतरदायी प्रमुख राजनैतिक कारण

(i) मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर के साथ अपमानजनक व्यवहार

(ii) व्यपगत नीति के आधार पर राज्यों का विलय

(iii) अवध का कुशासन के आधार पर विलय

(iv) जमींदारों में अंग्रेजी शासन के प्रति असंतोष

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q8. 1857 की क्रांति के लिए उतरदायी प्रमुख सैनिक कारण बताइए।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

(5) अवकाश
(6) भत्ता

उत्तर : 1857 की क्रांति के लिए उत्तरदायी प्रमुख सैनिक कारण

(i) अवध के सैनिकों में असंतोष

(ii) यूरोपीय अधिकारियों के द्वारा भारतीय सैनिकों के साथ अपमानजनक व्यवहार

(iii) सैनिकों में वेतन के मामले में असंतोष

(iv) चर्बी वाले कारतूस की अफवाह

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q9. 1857 की क्रांति के विस्तार में अफवाहों और भविष्यवाणियों का पर्याप्त योगदान था। व्याख्या कीजिए।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : 1857 के जन विद्रोह के विस्तार में अफवाहों और भविष्यवाणियों का पर्याप्त योगदान रहा, प्रमुख उदाहरण निम्नलिखित है-

(i) चर्बी वाले कारतूस की अफवाह 1857 की क्रांति का तात्कालिक कारण

(ii) चप्पातियों के वितरण की घटना

(iii) स्थापना के 100 साल बाद ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के समाप्त होने की भविष्यवाणी

(iv) आटे में हड्डियों के चूरा मिलावट की अफवाह

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q10. 1857 की क्रांति में शाहमल के योगदान का संक्षिप्त विवरण दीजिए।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : उत्तर प्रदेश के बड़ौत परगना के क्षेत्र के किसानों और काश्तगारों को अंग्रेजी शासन का प्रतिरोध क लिए शाहमल ने संगठित किया। शाहमल के नेतृत्व में व्यापक विद्रोह हुआ। शाहमल ने अंग्रेज अधिकारी के बंगले पर कब्जा करके उसे न्याय भवन की संज्ञा दी और प्रशासनिक व्यवस्था लागू की। स्थानीय लोग उन्हें राजा नाम से संबोधित करते थे। अंग्रेजों के साथ संघर्ष में जुलाई 1857 को शाहमल वीरगति को प्राप्त हुए।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q11. 1857 की क्रांति के प्रमुख केन्द्रों और नेतृत्वकर्ताओं के नाम बताइए।



लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर :

प्रमुख केन्द्र	नेतृत्वकर्ता
दिल्ली	मुगल सम्राट बहादुरशाह जफर
कानपुर	नाना साहब
झांसी	रानी लक्ष्मी बाई
अवध (लखनऊ)	बेगम हजरत महल + बिरजिस कादिर
जगदीशपुर/आरा (बिहार)	जमींदार कुंवर सिंह

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q12. 1857 की क्रांति का तात्कालिक कारण क्या था ?



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

mg missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : कम्पनी सरकार ने पुरानी ब्राउन बैस बन्दूक के स्थान पर नई एनफील्ड राइफल का प्रयोग आरम्भ किया। इस राइफल में जो कारतूस भरी जाती थी, उसे दाँत से काटना पड़ता था। सैनिकों में अफवाह फैल गई कि इस कारतूस में गाय और सूअर की चर्बी मिली हुई है। धार्मिक विश्वासों के कारण सैनिकों में भयंकर असंतोष फैल गया।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q13. कला और साहित्य ने रानी लक्ष्मीबाई को 1857 की क्रांति की नायिका के रूप में कैसे पेश किया है ?



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : इतिहास लेखन की तरह कला और साहित्य ने भी 1857 की क्रांति के नायकों की स्मृति को चिरस्थायी बनाने में योगदान दिया है। राष्ट्रवादी कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान ने रानी लक्ष्मीबाई की स्मृति में खूब लड़ी मर्दानी यो तो झांसी वाली रानी थी जैसी कालजयी कविता की रचना की। रानी लक्ष्मी बाई को एक ऐसी मर्दाना शख्सियत के रूप में चित्रित किया जाता था जो दुश्मनों का पीछा करते हुए और ब्रिटिश सिपाहियों को मौत की नींद सुलाते हुए आगे बढ़ रही है। लोक छवियों में रानी लक्ष्मीबाई को प्रायः अन्याय और विदेशी शासन के दृढ़ प्रतिरोध के प्रतीक के रूप में चित्रित किया गया है।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q14. 1857 की क्रांति के बारे में जानकारी प्रदान करने वाले प्रमुख सरकारी दस्तावेजों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : 1857 की क्रांति के बारे में अनेक सरकारी ब्यौरे उपलब्ध हैं। औपनिवेशिक प्रशासकों और सैन्य अधिकारियों की चिट्ठियों, डायरियों, आत्मकथाओं और सरकारी रिकॉर्ड्स से विद्रोहकालीन परिस्थितियों की वास्तविक जानकारी प्राप्त होती है। असंख्य मेमों, नोट्स के जरिए सरकारी सोच व रवैये को समझा जा सकता है।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q15. सहायक संधि प्रथा पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।



लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : देशी राज्यों पर प्रभुत्व स्थापित करने के उद्देश्य से 1798 ई. में तत्कालीन गवर्नर जनरल लार्ड वेलेजली ने देशी राज्यों के साथ सहायक संधि लागू की। सहायक संधि के प्रावधानानुसार -

(i) देशी राज्य को अपने खर्चे पर कम्पनी की एक सैनिक टुकड़ी अपने राज्य में रखनी होती थी।

(ii) संबंधित देशी राज्य की दूसरों राज्यों के साथ कूटनीतिक संबंध पूर्ण रूप से कम्पनी सरकार के अधीन हो जाते क्योंकि बिना कम्पनी की अनुमति के देशी राज्य न तो अन्य राज्य से संधि कर सकते थे और न ही युद्ध।

(iii) सहायक संधि अपनाने वाले देशी राज्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी कम्पनी की तय की गई।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q16. 1857 की क्रांति के प्रमुख परिणाम बताइए।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

mg missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER



लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : 1857 की क्रांति के प्रमुख परिणाम

(i) ईस्ट इण्डिया कम्पनी के शासन का अंत।

(ii) भारत सरकार अधिनियम 1858 से ब्रिटेन के भारतीय क्षेत्रों को ब्रिटिश रानी के नाम पर शासित किया जाने लगा।

(iii) घोषणा के द्वारा देशी राज्यों को विश्वास दिलाया गया कि भविष्य में भारत में ब्रिटिश प्रशासित राज्य का विस्तार नहीं किया जायेगा।

(iv) 1857 की क्रांति के फलस्वरूप भारतीय लोगों में राष्ट्रीयता की भावना का विस्तार हुआ और भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का प्रारंभ माना जाता है।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q17. 1857 की क्रांति के लिए उत्तरदायी धार्मिक कारण बताइए।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : 1857 की क्रांति के लिए उत्तरदायी धार्मिक कारण—

(i) ईसाई धर्म प्रचारक भारतीय लोगों को लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे थे।

(ii) लार्ड विलियम बैंटिक ने सती प्रथा सहित अनेक समाज सुधार किये जिसे भारतीयों ने अपने धर्म व संस्कृति पर अनुचित हस्तक्षेप माना।

(iii) चर्बी वाले कारतूस की अफवाह व सामुद्रिक यात्रा से सैनिकों में तीव्र धार्मिक असंतोष पनपा।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q18. ऐतिहासिक आजमगढ़ घोषणा क्या थी?



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

लघुत्तरात्मक प्रश्न

उत्तर : 1857 की क्रांति के दौरान ऐतिहासिक आजमगढ़ घोषणा 25 अगस्त 1857 को मुगल सम्राट बहादुरशाह जफर के नाम से जारी किया गया। उस उद्घोषणा में अंग्रेजी शासन के अत्याचार एवं उत्पीड़न की निंदा की गई और हिन्दू -मुस्लिम एकता पर बल दिया गया और समाज के प्रत्येक वर्ग, जमींदारों, व्यापारियों, पण्डित - फकीरों, मौलवियों को ब्रिटिश शासन के खिलाफ इस पवित्र युद्ध में भाग लेने का आहवान किया गया।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER